# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

**CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR**

राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् द्वारा ग्रेड A++ प्राप्त एवं यू.जी.सी.–1 श्रेणी विश्वविद्यालय

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formerly known as Kanpur University, Kanpur)

## कार्यवृत्त –2024–03

दिनांक 04.09.2024 को अपराह्न 02:00 बजे, विश्वविद्यालय परिसर स्थित सेण्टर फॉर एकेडमिक्स भवन में ऑफलाइन/ऑनलाइन सम्पन्न हुई विद्या परिषद की बैठक की कार्यवाहीः–

बैठक में निम्नांकित सदस्यगण उपस्थित हुयेः–

| क्र0सं0 | नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1 | प्रो. विनय कुमार पाठक, कुलपति, सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 2 | प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, प्रति कुलपति, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस. जे.एम. वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 3 | प्रो. सुधांशु पाण्डिया, आचार्य, आई.बी.एम., सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 4 | प्रो. आर.के. द्विवेदी, निदेशक, सी.डी.सी. सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 5 | प्रो. वर्षा गुप्ता, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑनलाइन |
| 6 | प्रो. रोली शर्मा, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि. कानपुर। | ऑनलाइन |
| 7 | डॉ. बृष्टि मित्रा, अधिष्ठाता अकादमिक, निदेशक यू०आई०ई०टी०, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 8 | प्रो0. राबिन्स पोरवाल, यूआई.ई.टी., सी.एस.जे.एम.वि.वि. कानपुर। | ऑफलाइन |
| 9 | प्रो0 कैलाश नाथ मिश्रा, अर्मापुर पी०जी० कॉलेज, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 10 | डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय, संकायाध्यक्ष, कृषि संकाय, जनता कालेज, बकेवर, इटावा। | ऑनलाइन |
| 11 | प्रो. विनोद शंकर त्रिपाठी, विधि विभाग, ब्रह्मानंद विधि महाविद्यालय, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 12 | डॉ0. अनुराधा कालानी, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 13 | डॉ. शशिकांत त्रिपाठी, निदेशक, अटल बिहारी बाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, सी.एस.जे.एम.वि.वि. कानपुर। | ऑफलाइन |
| 14 | डॉ. रश्मि गोरे, शिक्षा/शिक्षा प्रशिक्षण विभाग, सी. एस. जे एम.वि.वि कानपुर। | ऑफलाइन |
| 15 | श्री शिवांशु सचान, स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेण्ट, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 16 | डॉ. राजकुमार सिंह, स्कूल ऑफ क्रिएटिव एण्ड परफॉर्मिंग आर्टस, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 17 | डॉ0 किरण झा, निदेशक, स्कूल ऑफ आर्ट्स ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज, सी.एस. जे.एम.वि. वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 18 | डॉ. योगेंद्र कुमार पाण्डेय, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग., सी.एस.जे.एम.वि.वि. कानपुर। | ऑफलाइन |
| 19 | डॉ. दिग्विजय शर्मा, निदेशक, स्कूल ऑफ हेल्थ साइन्सेज, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |

04-9-24

| | | |
|---|---|---|
| 20 | डॉ. शशि किरण मिश्रा, स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइन्सेज, सी. एस. जे.एम.वि. वि. कानपुर। | ऑफलाइन |
| 21 | डॉ. हिमांशु त्रिवेदी स्कूल ऑफ एडवान्स एग्रीकल्चर साइन्सेज एण्ड टेक्नोलॉजी, सी. एस. जे.एम.वि.वि, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 22 | डॉ. अंजू दीक्षित, स्कूल ऑफ बेसिक साइन्सेज, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 23 | प्रो0 पूनम साराभाई, डी०डब्लू०टी० कॉलेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 24 | डा. अर्चना सक्सेना, गृह विज्ञान, ए०एन०डी० एन०एन०एम० कॉलेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 25 | डॉ. श्रवण कुमार यादव, शारिरिक शिक्षा, सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 26 | डॉ. संगीता श्रीवास्तव, मनोविज्ञान, ए०एन०डी०एन०एन०एम० कालेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 27 | डॉ. निधि नागर सक्सेना, सांख्यिकी, डी०ए०वी० कालेज सिविल लाइन, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 28 | डॉ. अतुल कुमार मिश्रा, जन्तु विज्ञान, डी०ए०वी० कालेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 29 | प्रो. आर. के. त्रिपाठी, प्राचार्य, जनता कॉलेज, बकेवर। | ऑफलाइन |
| 30 | डॉ. शुभम शिवा, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग, डी.जी. कॉलेज कानपुर। | ऑफलाइन |
| 31 | डॉ. भूपेंद्र के त्रिपाठी, कृषि वनस्पति विज्ञान, जनता महाविद्यालय,औरेया। | ऑनलाइन |
| 32 | प्रो. बी. डी. पाण्डेय, पी०पी०एन० कॉलेज, कानपुर | ऑनलाइन |
| 33 | डॉ. नगीना जबीन, उर्दू, डी.जी. कॉलेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 34 | प्रो. देवव्रत गोस्वामी, रसायन विज्ञान विभाग, आईआईटी कानपुर। | ऑनलाइन |
| 35 | डॉ0 सर्वेश मणि त्रिपाठी, सी.एस.जे.एम.वि.वि. कानपुर। | ऑफलाइन |
| 36 | डॉ0 आलोक पाण्डेय, सी.एस.जे.एम.वि.वि. कानपुर। | ऑफलाइन |
| 37 | डॉ0 मनोज कुमार यादव, जनता कालेज बकेवर, इटावा। | ऑनलाइन |
| 38 | डॉ0 पी0के0 राजपूत, जनता कालेज बकेवर, इटावा। | ऑनलाइन |
| 39 | डॉ0 स्वाती सक्सेना, डी0जी0 पी0जी0 कॉलेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 40 | प्रो0 साधना रानी, वी0एस0एस0डी0 कॉलेज, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 41 | प्रो0 ऋतम्भरा, ए०एन०डी०एन०एन०एम० कॉलेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 42 | प्रो0 आरती सक्सेना, ए०एन०डी०एन०एन०एम० कॉलेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 43 | डॉ0 प्रशान्त, राजकीय महाविद्यालय लोटना पुरवा, उन्नाव। | ऑनलाइन |
| 44 | प्रो0 जोसेफ डेनियल, क्राइस्ट चर्च कालेज कालेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 45 | डॉ0 अनुराग सक्सेना, डी0ए0वी0 कालेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 46 | डॉ0 राजेश कुमार, पी0पी0एन0 कालेज। | ऑनलाइन |
| 47 | डॉ0 प्रदीप कुमार दीक्षित, वी0एस0एस0डी0 कालेज, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 48 | श्री राकेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक, सी.एस.जे.एम.वि.वि. कानपुर। | ऑफलाइन |
| 49 | डॉ. अनिल कुमार यादव, कुलसचिव, सी.एस.जे.एम.वि.वि. कानपुर। | ऑफलाइन |

सचिव द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय जी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गयी बैठक में विस्तृत विचारोपरान्त निम्नांकित निर्णय लिये गयेः–

04-9-24

| मद.स. | विषय |
|---|---|
| 2024—3.1 | विद्या परिषद की सम्पन्न बैठक दिनांक 28.05.2024 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन।<br>*निर्णय— विद्या परिषद द्वारा विगत बैठक दिनांक 28.05.2024 में लिये गये निर्णयों पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।* |
| 2024—3.2 | विद्या परिषद की सम्पन्न बैठक दिनांक 28.05.2024 में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही।<br>*निर्णय— विद्या परिषद द्वारा विगत बैठक दिनांक 28.05.2024 में लिये गये निर्णयो पर कृत कार्यवाही की समीक्षा करते हुये सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।* |
| 2024—3.3 | शारीरिक शिक्षा विभाग की बैठक दिनांक 21.04.2024 तथा दिनांक 24.05.2024 को आयोजिक बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में योग एवं शारीरिक शिक्षा विषय का संयोजन स्नातक कला एवं विज्ञान (बी0ए0 एवं बी0एससी0) में किये जाने के निर्णय के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय— विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही — निदेशक, स्कूल ऑफ टीचर एजूकेशन/विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग ) |
| 2024—3.4 | विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज द्वारा दिनांक 22.07.2024 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन शोध पीठ के अंतर्गत संचालित सर्टीफिकेट/डिप्लोमा कोर्स के सम्बन्ध में लिये गये निर्णयों के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय— विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही — निदेशक, स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज ) |
| 2024—3.5 | विश्वविद्यालय परिसर स्थित डिपार्टमेण्ट ऑफ लाईब्रेरी एण्ड इन्फार्मेशन साइन्स द्वारा दिनांक 27.05.2024 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज में बी0लिब0 पाठ्यक्रम NEP के अनुरूप अद्यतन किये जाने के सम्बन्ध में लिये गये निर्णयों के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय— विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही — पुस्तकालयध्यक्ष, क्रेन्द्रीय पुस्तकालय ) |
| 2024—3.6 | विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा दिनांकः 5 जून 2024 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में B.Des पाठ्यक्रम के संबंध में लिए गए निर्णय के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय— विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही —निदेशक, स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) |
| 2024—3.7 | विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों मे चल रहे एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय एवं बी0ए0 एल0एल0बी0 पंचवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु दिनांक 18.07.2024 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय— विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही—अधिष्ठाता, विधि संकाय) |
| 2024—3.8 | 1. स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बायोटेक्नोलॉजी में संचालित निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के अन्य विभागों में स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव के अनुमोदन पर विचार<br>a) एम0एस—सी0 एनवायरमेंटल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के पीजी पाठ्यक्रम का स्कूल आफ बेसिक साइंसेज में स्थानांतरण<br>b) फूड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत एम0एससी0 फूड टेक्नोलॉजी के पीजी पाठ्यक्रम का स्कूल आफ एडवांस एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में स्थानांतरण।<br>2. जीवन विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग में निम्न विभागों में एम0एससी एवं बी0एससी पाठ्यक्रम की सीटों की वृद्धि के अनुमोदन पर विचार।<br>a) एम0एस—सी0 जीवन विज्ञान मे 50 सीट,<br>b) एस0एस—सी0 बायोटेक्नोलॉजी में 50 सीट,<br>c) बी0एस—सी0 बायोटेक्नोलॉजी में 140 सीट |

04.9.24

| | |
|---|---|
| | *निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही –निदेशक, स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बायोटेक्नोलॉजी ) |
| 2024–3.9 | भूगोल विभाग द्वारा दिनांक 12.07.2024 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में एमए/एमएससी भूगोल पाठ्यक्रमों के संबंध में लिए गए निर्णयों के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा एमए/एमएससी भूगोल पाठ्यक्रमों का पुनः परीक्षण कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही– संयोजक, भूगोल) |
| 2024–3.10 | 1. विश्वविद्यालय परिसर में स्थित अटल बिहारी वाजपेई स्कूल आफ लीगल स्टडीज द्वारा दिनांक 06.07.2024 तथा 13.07.2024 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठकों में स्कूल के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के संबंध में लिए गए निर्णयों के अनुमोदन पर विचार।<br>2. एल0एल0एम0 पाठ्यक्रम में 05 अतिरिक्त सीटों की वृद्धि के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–निदेशक, अटल बिहारी वाजपेई स्कूल आफ लीगल स्टडीज) |
| 2024–3.11 | उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्देशित कौशल अंतर्निहित डिग्री कोर्सेज के संचालन हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही– सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य) |
| 2024–3.12 | विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2024–25 से बी0ए0 ऑनर्स पॉलिटिकल साइंस पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध कराए जाने के लिए दिनांक 21 अगस्त 2024 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में संबंधित पाठ्यक्रम की प्रस्तावित पाठ्यविवरणिका के संबंध में लिए गए निर्णयों के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–निदेशक, स्कूल ऑफ आर्ट्स ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज) |
| 2024–3.13 | विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्कूल ऑफ आर्ट्स ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज के अंतर्गत सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग में मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ पी0जी0 पाठ्यक्रम हेतु दिनांक 28.08.2024 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज द्वारा निर्धारित पाठ्यविवरणिका के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–निदेशक, स्कूल ऑफ आर्ट्स ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज) |
| 2024–3.14 | विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों हेतु कार्यरत महाविद्यालय विकास परिषद द्वारा सत्र 2023–24 हेतु प्रस्तुत रिपोर्ट पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।* |
| 2024–3.15 | विश्वविद्यालय परिसर में स्थित स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज द्वारा सत्र 2024–25 से क्रियान्वित किए जाने वाले प्रस्तावों के अनुमोदन पर विचार।<br>1. बी0एस–सी0 कांबिनेशन की सीटों की संख्या 240 से घटाकर 150 करना।<br>2. एम0एस–सी0 पर्यावरण विज्ञान का स्कूल आफ बेसिक साइंसेज के अंतर्गत संचालन किया जाना।<br>3. बी0एस–सी0 ऑनर्स (रसायन विज्ञान) हेतु सीटों की संख्या 30 से बढ़ाकर 40 करना।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही– निदेशक, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज) |

04-9-24

| | |
|---|---|
| 2024–3.16 | विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा **B.Tech Materials Science and Metallurgical Engineering** पाठ्यक्रम के 30 सीटों के साथ सत्र 2024–25 से पुनः प्रारंभ किए जाने के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–निदेशक, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) |
| 2024–3.17 | विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी तथा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के पारस्परिक विलय द्वारा बी0टेक0 कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की कुल 90+60 सीटो पर प्रवेश लिये जाने के प्रस्ताव के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–निदेशक, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ) |
| 2024–3.18 | विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के अंतर्गत संचालित बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु सीटों की संख्या 300 से बढ़ाकर 330 किए जाने के प्रस्ताव के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–निदेशक, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ) |
| 2024–3.19 | विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत संचालित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में सत्र 2024–25 से पी0एच–डी0 कार्यक्रम आरंभ किए जाने के प्रस्ताव के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–निदेशक, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ) |
| 2024–3.20 | स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के अन्तर्गत संचालित बी0कॉम0 ऑनर्स पाठ्यक्रम की अनुमोदित कुल 120 सीटों के अतिरिक्त 40 सीटों की वृद्धि किए जाने के प्रस्ताव के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–निदेशक, स्कूल का बिजनेस मैनेजमेंट) |
| 2024–3.21 | 02 एकेडमिक कार्यक्रमों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में उक्त कार्य के क्रियान्वयन हेतु गठित समिति द्वारा दो शैक्षिक कार्यक्रमों में एक साथ नामांकित होने के इच्छुक विद्यार्थियों हेतु निर्मित किये गये दिशा–निर्देशों के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही– अधिष्ठाता, अकादमिक) |
| 2024–3.22 | नवाचार एवं उद्यमिता में उपलब्धि के लिए विभिन्न वर्गो के दिए जाने हेतु प्रशस्ति पुरस्कारों के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही– अधिष्ठाता, नवाचार एवं उद्यमिता ) |
| 2024–3.23 | विश्वविद्यालय परिसर स्थित कैम्पस रिसर्च प्रमोशन सेल( CRPC) द्वारा प्रस्तुत बिंदुओ के पर्यवेक्षक/निर्देशक के अनुमोदन पर विचार।<br>1. भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान एवं राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर के आठ संकाय सदस्यों एवं वैज्ञानिको के पी0एच–डी0 शोध पर्यवेक्षक के रूप में अनुमोदन करने पर विचार।<br>2. विश्वविद्यालय परिसर मे शोध पर्यवेक्षकों की योग्यता की पुष्टि संकाय अधिष्ठाता, स्कूल के निदेशक, विभागाध्यक्ष तथा सीआरपीसी के सदस्यों द्वारा किये जाने के पश्चात् ही अनुमोदन प्रदान किये जाने पर विचार। |



04-9-24

| | |
|---|---|
| | 3. विश्वविद्यालय परिसर के शिक्षकों के शोध पर्यवेक्षक के रूप में अनुमोदन पर विचार।<br>4. ह्यूमन एथिकल कमेटी द्वारा 17 अध्ययन क्षेत्रों के शोध कार्य हेतु संस्तुति के अनुमोदन पर विचार।<br>फिजियोथैरेपी: 13 स्टडीज<br>लाइफ साइंसेज: 02 स्टडीज मेडिकल लैब<br>टेक्नोलॉजी: 02स्टीडीज<br>5. यू0जी0सी विनियमन 2022 के अनुसार पी0एच–डी0 कोर्स वर्क हेतु निम्नलिखित बिंदुओ के अनुमोदन पर विचार–<br>5.1 वर्तमान ''प्री–पी0एच–डी0 कोर्स वर्क'' ''पी0एच–डी0 कोर्स वर्क'' के रूप में संचालित किया जायेगा।<br>5.2 पी0एचडी0 कोर्स वर्क 12 क्रेडिट का होगा।<br><table><tr><td>Sr.No.</td><td>Course Name</td><td>Credits</td></tr><tr><td>1-</td><td>Research Methodology</td><td>03</td></tr><tr><td>2-</td><td>UGC recognized online course*</td><td>03</td></tr><tr><td>3-</td><td>Department Course(2-3 Options may be given)</td><td>03</td></tr><tr><td>4-</td><td>Research and Publication Ethics</td><td>02</td></tr><tr><td>5-</td><td>Seminar Presentation</td><td>01</td></tr></table>6. विश्वविद्यालय परिसार में स्थित स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैटेरियल साइंस एवं मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग विभाग में पी0एच–डी0 इन मैटैरियल साइंस के प्रारंभ के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>*बिन्दु संख्या 5.1 तथा 5.2 के अन्तर्गत* ''प्री–पी0एचडी0 कोर्स वर्क'' ''पी0एचडी0 कोर्स वर्क'' के रूप में संचालित किया जायेगा तथा पी0एचडी0 कोर्स वर्क 12 क्रेडिट का होगा। यह निर्णय विश्वविद्यालय परिसर तथा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों पर लागू होगा।<br><br>(अपेक्षित कार्यवाही– सह–अधिष्ठाता, कैंपर्स रिसर्च प्रमोशन सेल/अधिष्ठाता, शोध एवं विकास) |
| 2024–3.24 | एनसीसी के राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय कैंप व अन्य राष्ट्र निर्माण कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले कैडेट्स की परीक्षाएं अलग तिथि में सम्पन्न करायें जाने के प्रस्ताव के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– यूजीसी के नियमों के अनुरूप नवम्बर तथा दिसम्बर में आयोजित होने वाली परीक्षाओं पर ही उपरोक्त व्यवस्था लागू होगी।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–प्रभारी, एनसीसी ) |
| 2024–3.25 | विश्वविद्यालयो मे स्थापित शोध एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावो (प्रस्ताव संख्या 01 से प्रस्ताव सख्या 07) के अनुमोदन पर विचार।<br>**प्रस्ताव: 01**<br>माह– अप्रैल 2024 से माह– अगस्त 2024 तक सम्पन्न हुयी मौखिक परीक्षाओं (Final Viva Voce Exam) में सम्मिलित शोधार्थियों की सूची के अनुमोदन पर विचार।<br>**प्रस्ताव: 02**<br>प्री–पीएच–डी. कोर्स वर्क में निर्धारित उपस्थिति से कम उपस्थिति होने के कारण 13 शोधार्थियों को सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने से रोके जाने के आदेश के अनुमोदन पर विचार।<br>**प्रस्ताव: 03**<br>शोधार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों में अपने पूर्व विश्वविद्यालय/संस्थान से पूर्ण किये गये प्री–पीएच.डी. |



04.9.24

| | |
|---|---|
| | कोर्स वर्क में सन्निहित क्रेडिट्स के सापेक्ष छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा संचालित प्री–पीएच–डी. कोर्स वर्क 2023–24, से छूट प्राप्त सम्बन्धी आदेश को अनुमोदित करने पर विचार। साथ ही क्रमशः शोधार्थी आनन्द अवस्थी, पंजीकरण संख्या PHD202400002214 एवं शोधार्थी संजय कुमार गुप्ता, पंजीकरण संख्या PHD202400001200 द्वारा एम0फिल0 (भौतिक विज्ञान) पाठ्यक्रम पूर्ण किये जाने के कारण पीएच–डी. विषय– ई.सी.ई. व विषय– विधि के प्री–पीएच.डी. पाठ्यक्रम 2023–24 से छूट दिये जाने पर विचार।<br>**प्रस्तावः 04**<br>विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में दिनांक 28.05.2024 को आहूत हुयी विद्या परिषद् की बैठक से अद्यतन सम्पन्न हुयी शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की समस्त बैठक (कों) के कार्यवृत्त (तों) के अनुमोदन पर विचार<br>**प्रस्तावः 05**<br>शोध एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा सत्र 2024–25 में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में पीएच–डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पीएच–डी. प्रवेश विवरणिका के अनुमोदन पर विचार।<br>**प्रस्तावः 06**<br>प्री–पीएच–डी. बैच 2023–24 की कोर्स वर्क की सत्रांत परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम के अनुमोदन पर विचार।<br>**प्रस्तावः 07**<br>शोध एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा सम्पन्न हुयी समस्त आर.डी.सी./आर.ए.सी. समिति की बैठक (कों) के कार्यवृत्त (तों) के अनुमोदन पर विचार।<br><br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। प्रस्ताव संख्या : 03 के अन्तर्गत यू0जी0सी0 के नियमानुसार विद्यार्थियों को पीएच.डी. कोर्स वर्क से छूट को यथावत् बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।*<br>**(अपेक्षित कार्यवाही–अधिष्ठाता, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ)** |
| **2024–3.26** | **विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के सुचारू संचालन हेतु प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस की नियुक्ति के अनुमोदन पर विचार।**<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त मद को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान करते हुये उक्त कार्य के सम्पादन हेतु निम्नलिखित समिति के गठन का अनुमोदन प्रदान किया गया–*<br>*1. माननीय कुलपति महोदय*<br>*2. माननीय प्रतिकुलपति महोदय*<br>*3. कुलसचिव महोदय*<br>*4. अधिष्ठाता अकादमिक*<br>*5. सम्बन्धित विषय के 01 अथवा 02 विशेषज्ञ*<br>*6. सम्बन्धित विभाग के निदेशक/विभागाध्यक्ष*<br><br>**(अपेक्षित कार्यवाही– अधिष्ठाता, अकादमिक)** |
| **2024–3.27** | **विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा दिनांक 29.08.2024 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक मे लिये गये निर्णय के अनुमोदन पर विचार।**<br>**1.** पीसीआई द्वारा अनुमोदित **M. Pharma Specialisation in Pharmacognosy** नवीन पाठ्यविवरणिका का अनुमोदन।<br>**2.** **M. Pharma** का **Specialisation in Pharmacognosy** के अध्यादेश का अनुमोदन |

04.9.24

| | |
|---|---|
| | *निर्णय– विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही– निदेशक, स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ) |
| 2024–3.28 | 1. दिनांक 28/08/2024 को पत्रकारिता एवम जनसंचार विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में स्कूल आफ लैंग्वेजेज द्वारा संचालित बी0ए कांबिनेशन में शामिल एक विषय पत्रकारिता के सिलेबस के अनुमोदन पर विचार।<br>2. दिनांक 28/08/2024 को पत्रकारिता एवम जनसंचार विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की मीटिंग में एक वर्षीय नए पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन एनिमेशन एंड वीएफएक्स के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–विभागध्यक्ष, पत्रकारिता एवम जनसंचार विभाग) |
| 2024–3.29 | ***परीक्षा समिति की सम्पन्न बैठक दिनांक 04.09.2024 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन।***<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।* |
| 2024–3.30 | मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु |
| | 1. राजकीय महाविद्यालय, रामसारी, घाटमपुर में बी.ए., बी.एस–सी., बी.कॉम., बी.बी.ए. एवं बी.सी.ए. संकायों की संबद्धता व सीटों के निर्धारण के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया तथा यह निर्णय विश्वविद्यालय के तीनों संघटक महाविद्यालयों पर लागू होगा।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–प्राचार्य, संघटक महाविद्यालय ) |
| | 2. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू0जी0सी0) द्वारा **Curricular & Credit Framework for Four year Undergraduate Programme (FYUP)** आगामी सत्र 2025–26 से लागू किये जाने के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय–* **FYUP** से सम्बन्धित निर्णय लेने के लिये माननीय प्रतिकुलपति महोदय की अध्यक्षता में समिति के गठन का निर्देश दिया गया।<br>(अपेक्षित कार्यवाही–कुलसचिव, सी.एस.जे.एम.यू. कानपुर ) |
| | 3. बी0सी0ए0 और बी0बी0ए0 प्रोग्राम को सत्र 2024–25 से **AICTE** द्वारा अनुमोदित किया गया है। विभागों के संकाय सदस्यों की योग्यता AICTE के मानदंडों के अनुरूप किये जाने के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–निदेशक, यू0आई0ई0टी0 / विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, निदेशक, एस.बी.एम.) |
| | 4. शिक्षा शास्त्र तथा शिक्षा प्रशिक्षण विभाग के विलय के अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– शिक्षाशास्त्र तथा शिक्षा प्रशिक्षण विभाग का विलय किया जायेगा तथा यह शिक्षा विभाग के नाम से जाना जायेगा।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–निदेशक, *स्कूल ऑफ टीचर एजूकेशन* ) |
| | 5. स्कूल ऑफ टीचर एजूकेशन में नवीन शैक्षिक कार्यक्रम **Bachelor in Prosthetics and Orthotics** का अगले सत्र (2025-26) से संचालन हेतु अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– स्कूल ऑफ टीचर एजूकेशन में नवीन शैक्षिक कार्यक्रम Bachelor in Prosthetics and Orthotics के संचालन हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। यह पाठ्यक्रम Rehabilitation Council of India द्वारा नियंत्रित होगा।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–निदेशक, *स्कूल ऑफ टीचर एजूकेशन* ) |



04.9.24

| | |
|---|---|
| | 6. लाभ की स्थिति वाले स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के बजट का एक प्रतिशत नवाचार एवं उद्यमिता गतिविधियों हेतु निर्धारित किये जाने हेतु अनुमोदन पर विचार।<br>*निर्णय– लाभ की स्थिति वाले स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के बजट का एक प्रतिशत नवाचार एवं उद्यमिता गतिविधियों हेतु निर्धारित किए जाने का विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान दिया गया।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही– अधिष्ठाता, नवाचार एवं उद्यमिता ) |

*अन्त में कुलसचिव द्वारा सभी उपस्थित सदस्यो को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।*

डॉ0 (अनिल कुमार यादव)
सचिव / कुलसचिव

प्रो0 (विनय कुमार पाठक)
अध्यक्ष / कुलपति

कार्यालय पत्रांकःसी0एस0जे0एम0वि0वि0 / Acad. /355/ 2024

दिनांकः 04 / 09 / 2024

प्रतिलिपिः– 1–मा0 सदस्यगण–विद्यापरिषद को सादर सूचनार्थ।
2–वैयक्तिक सहायक कुलसचिव।
3–सम्बन्धित पत्रावली।

डॉ0 (अनिल कुमार यादव)
सचिव / कुलसचिव